



## एक नजर में

### लव जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन, सख्त कार्रवाई की मांग

**नीमच।** लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के मामलों को लेकर शुक्रवार को शहर के भारत माता चौराहे पर विरोध प्रदर्शन हुआ। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नेतृत्व में भारत माता चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने धरना देकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि देश के विभिन्न हिस्सों में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जिनसे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। विहिप नगर अध्यक्ष बंटी अग्रवाल, नगर मंत्री नितिन बागड़ी और नगर संयोजक पवन जैसवार ने कहा कि संगठन का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध या दबावपूर्वक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। बजरंग दल के विभाग प्रमुख अनुपाल सिंह झाला ने मनासा क्षेत्र में सामने आई एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में संगठित तरीके से अपराध किए जाते हैं, जिनकी गंभीरता से जांच होना चाहिए। संगठन ने प्रशासन पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आगे व्यापक आंदोलन किया जाएगा। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस की मौजूदगी में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ।




### काली फिल्म व नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्व यातायात टीम द्वारा की कार्रवाई

**नीमच।** यातायात विभाग को काली फिल्मधारी वाहन चालको तथा बिना हेलमेटधारी वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करने के आदेश दिये गये जिसके तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा काली फिल्म धारी वाहन चालको के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। चालानी कार्रवाई के दौरान काली फिल्म व अन्य वाहन चालकों के विरुदध 51 चालान बनाकर 24300 समनशुल्क वसुला गया या।। चालानी कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।



### आज संजीवनी फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**नीमच।** सहायक यंत्री (शहर) ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 अप्रैल 2026 (शनिवार) को लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 केवी संजीवनी फीडर का विद्युत प्रदाय प्रात: 6 .00 बजे से 10 .00 बजे तक बंद रहेगा। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से गोमाबाई रोड, विकास नगर 14/4, संजीवनी कॉलोनी, स्कीम नंबर 34, स्कीम नंबर 36 ए, उत्कृष्ट स्कूल, बोहरा कॉलोनी, चौपड़ा कॉलोनी एवं आनंद विहार कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे। विभाग ने बताया कि आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### आंगनवाड़ी का समय परिवर्तन - सुबह 08 :00 बजे से लगेगी आंगनवाड़ी

**नीमच।** कलेक्टर जिला नीमच हिमांशु चंद्रा के द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र संचालन का समय प्रात: 08 :00 बजे से दोपहर 03 :00 बजे तक किया गया है। बच्चों की उपस्थिति का समय प्रात: 08 :00 बजे से प्रात: 11 :30 तक रहेगी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का समय दोपहर 03 :00 बजे तक रहेगा तथा संबंधित के द्वारा बच्चों की छुट्टी पश्चात आंगनवाड़ी रिकॉर्ड संधारण,रिकॉर्ड अपडेशन, गृह भेंट, ऑनलाइन प्रविष्टि कार्य व सेवाओं संबंधित कार्य सम्पादित किया जावेगा। वर्तमान में आंगनवाड़ी का समय प्रात: 09 :00 बजे से सायं 04 :00 बजे तक था जिसमें परिवर्तन जिला कलेक्टर नीमच द्वारा किया गया है।

### लॉयंस क्लब नीमच को 2737 वां नेत्रदान मेहनोत नगर निवासी ऐरन परिवार से प्राप्त



**नीमच।** पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल की ईकाई लॉयंस क्लब नीमच द्वारा अन्धत्व निवारण के लिए चलाए जा रहे नेत्रदान अभियान के तहत दिनांक 16/04/2026, गुरुवार को मेहनोत नगर निवासी श्री कांतिलालजी ऐरन पिता स्व .श्री मालूरामजी ऐरन के 90 वर्ष की आयु में देहावसान पश्चात् उनके परिजनों श्री बंकटलालजी ऐरन एवं परिवार ने लायन महेन्द्र भटनागर श्री विकास जी गोयल, श्री श्यामजी सिंहल की प्रेरणा से लायंस क्लब, नीमच को नेत्रदान कराए। यह नेत्रदान अब तक का 2737 वाँ एवं सत्र का 38 वाँ नेत्रदान है। नेत्र गोमाबाई नेत्रालय के ऑप्थोमेट्रिस्ट द्वारा उत्सारित कर जरूरतमंदों को नि:शुल्क प्रत्यारोपण हेतु गोमाबाई नेत्रालय भेजे गए। नेत्रदान सम्पन्न करवाने में नेत्रदान संयोजक लॉयन रिखब गोपावत, लॉयन अनिल गोयल, लायन सौरभसिंह राठौड़ का सराहनीय सहयोग रहा। नेत्रदान के समय समाजजनों सहित परिवारजन एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।लॉयंस क्लब नीमच के नेत्रदान महाभियान में नेत्रदान रूपी आहुति देने एवं दो नेत्रहीनों को नवीन दृष्टि प्रदान करने के पवित्र उद्देश्य से इस दु :खद घड़ी में भी अपने प्रिय परिजन के नेत्रदान करने पर नेत्रदान दाता समस्त ऐरन परिवार का क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा, सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, नेत्रदान संयोजक लॉयन रिखब गोपावत, नेत्रदान आभार समिति संयोजक लायन बाबूलाल गौड़ ने हार्दिक आभार प्रकट किया एवं दिवंगत आत्मा को क्लब परिवार की ओर से हार्दिक श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दु :ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### सुंदर रंगोलियां बनाकर जागरूकता का संदेश दिया

**जावद।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद में प्रशिक्षणरत छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर सुंदर रंगोलियां बनाकर जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी जावद प्रीति संघवी नाहर द्वारा रंगोलियों का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं द्वारा किए गए सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की गई। इसके पश्चात संस्था में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम महोदय द्वारा उपस्थित छात्राओं को प्रेरक उद्बोधन देते हुए जीवन में आगे बढ़ने तथा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिला स्टाफ द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में संस्था के प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों, छात्राओं एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

# अधिकाधिक किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करें : कलेक्टर

**नीमच।** जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 10 कलस्टरों में 125-125 कुल 1250 किसानों को खरीफ में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए तैयार किया गया है। यह किसान आगामी खरीफ से प्राकृतिक खेती करेंगे। जिले के अधिकाधिक किसानों को प्रेरित कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी.समूह में शामिल विभाग कृषि, उद्यानिकी, आत्मा, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, पशुपालन आदि विभागों की मासिक विभागीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में कलेक्टर ने दुग्ध संघ अधिकारियों को दुग्ध उत्पादक पशुपालकों की संख्या बढ़ाने, नवीन दुग्ध समितियां गठित करने और नये मिल्क रूट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया, कि वर्तमान में दुग्ध संघ द्वारा जिले में 19942 लीटर दुग्ध संकलन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग को नवीन अमृत सरोवर एवं तालाबों में मत्स्य पालन करवाने और नवीन मत्स्य समितियां गठित करने के निर्देश भी दिए। उन्होने 200 नये मत्स्य पालकों को के.सी.सी. एक माह में जारी करवाने के निर्देश भी मत्स्य विभाग को दिए है। कृषि विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सोयाबीन किसानों को सोयाबीन की बजाय अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने के विशेष प्रयास करने, किसानों को जागरूक कर चिया सीड्स, किनोवा व पिक किनोवा की फसल लेने के लिए प्रेरित करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। अधिकाधिक खेतो का मिट्टी परीक्षण करवाकर, परिणाम के आधार पर उर्वरक का उपयोग करने हेतु किसानों को जागरूक करने के निर्देश भी कृषि विभाग को दिए गये।उर्वरक की मांग उपलब्धता और वितरण की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि कृषि विभाग सुनिश्चित करें, कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक का विक्रय हो, यदि कोई तय कीमत से अधिक कीमत पर विक्रय करता है, तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने नीमच, जावद एवं मनासा की नर्सरियों का संचालन स्व-सहायता समूह के माध्यम से करवाने और एक मई से नर्सरी का कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश भी उप संचालक उद्यानिकी को दिए है।

## जिले में 21 से 25 अप्रैल तक पंचायतों में जल चौपाल का आयोजन -नोडल अधिकारी नियुक्त

**नीमच।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। जिले में ''जल की हर एक बूंद होगी संरक्षित- जनभागीदारी से जल संचय'' की थीम पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल चौपाल आयोजित की जा रही है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं संचयन गतिविधियों के आयोजन, जल संरचनाओं से प्लास्टिक कचरे की साफ-सफाई जल के बेहतर उपयोग के लिए जल प्रबंधन, कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केंद्र के अमले के साथ ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर निर्धारित तिथियों में जल चौपाल हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया जावेगा। संबंधित ग्राम पंचायत के क्षेत्रिय उपयंत्री, पीसीओ, एडीईओ जल चौपाल के आयोजन हेतु नोडल नियुक्त किए गए है। माह के प्रत्येक द्वितीय शुक्रवार को आवंटित ग्राम पंचायत का भ्रमण करेंगे। जनपद क्षेत्र नीमच में 68, मनासा में 102 व जावद में 73 नोडल अधिकारियों को जल चौपाल आयोजन का दायित्व सौंपा गया है।

## बिना नंबर की कार से भारी मात्रा में भरा डोडाचूरा बरामद, आरोपी तस्कर फरार

**नीमच। मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जीरन पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 200 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान बिना नंबर की सफेद रंग की कार से डोडाचूरा बरामद किया गया, जबकि तस्कर मौके से फरार हो गया।**

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महूदूनीमच रोड स्थित हर्कियाखाल पुलिस सहायता केंद्र के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की थी। इसी दौरान बिना नंबर की सफेद बोलेरो (भोरवलेट) कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने स्टॉपर को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी करीब आधा किलोमीटर आगे



कार को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर 08 काले प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ 200 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ ड्डमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जब्त सामग्री में 200 किलो डोडाचूरा एवं लगभग 5 लाख रुपये कीमत की बिना नंबर की कार शामिल है। पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## टेस्ट ड्राइव पर निकली कार ट्रेलर से टकराई, दो युवक घायल, एक का हाथ कटा, दूसरे का पैर फ्रैक्चर

**नीमच।** नीमच में महू-नसीराबाद हाईवे पर भाटखेड़ा फंटे के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। सर्विसिंग के बाद टेस्ट ड्राइव पर निकली एक गाड़ी ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में गाड़ी में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, जमुनिया स्थित बोरदिया मोटर्स के कर्मचारी मनासा निवासी मंगलदास (38) पिता सालिगराम बैरागी और चल्दू निवासी करूलाल (39) पिता भंवरलाल कार्पेंटर गाड़ी को टेस्ट ड्राइव के लिए ले गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भाटखेड़ा फंटे के पास कार ट्रेलर को ओवरटेक करने के दौरान उससे टकरा गई।



**दो युवक कार में फंसे:** भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार सवार दोनों युवक गाड़ी में फंस गए। राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नीमच जिला चिकित्सालय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेसी शोरूम चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में करूलाल का एक हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे डॉक्टरों ने काटने की बात कही है। वहीं, मंगलदास के पैर में गंभीर फ्रैक्चर आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटाकर यातायात को सुचारू कर दिया गया है।

## संबंधित ठेकेदार की भारी लापरवाही उजागर, हो सकता है हादसा : हरगोविंद

- निर्माणाधीन सिटी फोर लाइन पर
- जैन समाज व ग्वाला समाज का आयोजन सड़क की वजह से होगा प्रभावित

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के वार्ड क्रमांक 9 ग्वालटोली के पार्षद हरगोविंद दीवान ने बताया कि शहर के मध्य से होकर गुजर रहे महू- नसीराबाद हाईवे रोड पर भाटखेड़ा से लेकर डुंगलावदा तक सिटी फोर लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस मार्ग के निर्माण में संबंधित ठेकेदार द्वारा सभी निर्धारित नियम कानून को बलाय ताक में रखकर भारी लापरवाही के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जो शहर में कभी भी बड़े गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। शहरी क्षेत्र में तो निर्माण कार्य बेहद कछुआ गति से चल रहा है, जो शहर वासियों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गया है। संबंधित ठेकेदार की मनमानी चल रही है और जिला प्रशासन पूरी तरह से मूकदर्शक बनकर बैठा है। श्री दीवान ने बताया कि शोरूम चौराहे से लेकर ग्वालटोली नाका चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट चौराहे तक पहुंचने वाले इस मार्ग



को संबंधित ठेकेदार द्वारा पूरी तरह से खोद कर पटक दिया है। बीच-बीच में निर्माण कार्य चल रहा है और वह भी कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है। ऐसे में इस निर्माणाधीन मार्ग पर सबसे ज्यादा परेशानी ग्वालटोली क्षेत्र के आसपास आम जनता को आ रही है। ऊंची नीची सड़क, जगह जगह पड़ी निर्माण सामग्री व मिट्टी के ढेर के कारण लोगों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। ऊपर से दिन भर चलने वाले वाहनों की वजह से इतनी अधिक मात्रा में धूल उड़ रही है कि यहां लोगों का सांस लेना तक दुश्वार हो गया है। संबंधित ठेकेदार को बार-बार अवगत कराने के बाद भी निर्माण कार्य में गति नहीं आ रही है और ना ही किसी नियम कानून का पालन हो रहा है। निर्माणाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है जिससे दिनभर धूल के गुब्बारे उड़ते रहते हैं। पार्षद हरगोविंद दीवान ने बताया कि जहां एक और स्पेनटा पेट्रोल पंप के समीप जैन समाज के मंदिर पर बड़ा कार्यक्रम होना है, वहीं आखा तीज पर ग्वालटोली क्षेत्र में ग्वाला समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य स्तर पर आयोजित होगा। साथ ही कई घरों में मांगलिक कार्यक्रम होना है। ऐसे में मुख्य मार्ग की उबड खाबड़ स्थिति सभी को अच्छा खासा परेशान किए हुए हैं। अव्यवस्थाओं के साथ चल रहे निर्माण कार्य के कारण इन कार्यक्रमों में सभी को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। संबंधित ठेकेदार एवं जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण इस निर्माणाधीन मार्ग पर परेशान हो रहे क्षेत्र वासियों में आक्रोश पनपता जा रहा है। श्री दीवान ने कहां की अगर शीघ्र ही सड़क के निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई तो आम जनता विरोध स्वरूप सड़क पर भी उतार सकती है।

# आदिनाथ जिनालय की भव्य प्रतिष्ठा 24 अप्रैल को

- गुरुदेव का प्रवेश प्रतिभाओं के साथ 19 अप्रैल को 17 से 25 तक होंगे विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन

**नीमच।** श्री आदिनाथ जिनालय एवं जिन कुशल सूरी खरतरगच्छ ट्रस्ट, नीमच के तत्वावधान में शहर के स्पेन्टा पेट्रोल पंप के पास नवनिर्मित आदिनाथ जिनालय मंदिर में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को कुंभ दीपक एवं ज्वारा रोपण स्थापना के साथ विधि-विधानपूर्वक हुआ।

दादावाड़ी ट्रस्ट के सहयोग एवं गच्छाधिपति आचार्य भगवंत की निर्देन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार शुभ मुहूर्त में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नव निर्मित जिनालय में मूलनायक भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, वहीं आयोजन को भव्य बनाने हेतु समाजजनों द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। महोत्सव के अंतर्गत परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य भगवंत जिन मणि प्रभ सूरीश्वरजी के सानिध्य में परम पूज्य विद्युत प्रभा श्रीजी सहित लगभग 20-25 साधु-साध्वी भगवंतों का नीमच आगमन प्रस्तावित है।यह प्रतिष्ठा महोत्सव 17 से 25 अप्रैल तक आयोजित होगा, जिसमें 24 अप्रैल को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। इस अवसर पर आदिनाथ भगवान सहित शंखेश्वर पाश्वनाथ, नाकोड़ा पाश्वनाथ, महावीर स्वामी, गौतम स्वामी, पद्मावती माता, चक्रेश्वरी माता, नाकोड़ा भैरव की प्रतिमाओं के साथ दादावाड़ी में चारों दादा गुरुदेव - जिनदत्त सूरीश्वरजी, मणिधारी दादा, जिन कुशल सूरीज सूरीजी, जिनचंद्र सूरीजी की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। साथ ही काला भैरव एवं गोरा भैरव गोरा भैरव की प्रतिमाएं भी विराजित की जाएंगी।

नवनिर्मित जिनालय परिसर में सभा मंडप, गुरु मंदिर, समीप ही आराधना भवन, प्रवचन कक्ष एवं कार्यालय कक्ष का भी निर्माण किया गया है। इस जिनालय एवं दादावाड़ी के निर्माण कार्य की नींव के पत्थर के रूप में संघवी गोवर्धनलाल बाफना, चंद्रराज कोटीफोडा, चंद्रप्रकाश छाजेड़, सुनील गोपावत एवं जयवंत कोटीफोडा का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रयासों से इस पावन कार्य की शुरुआत संभव हो सकी।





**महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं**

- 18 अप्रैल को स्नात्र पूजा, भैरव पूजा, क्षेत्रपाल पूजन, देवी-देवता एवं 64 योगिनी पूजन, पंच परमेश्वर पूजा
- 19 अप्रैल को गच्छाधिपति श्री जिन मणि प्रभ सूरीश्वरजी महाराज साहब के साथ नवीन तिमाओं का भव्य नगर प्रवेश होगा।
- 20 अप्रैल को वर्षीतप तपस्वियों का वरघोड़ा
- 21 अप्रैल को च्यवन कल्याणक विधान
- 22 अप्रैल को जन्म कल्याणक विधान, 56 दिक्कुमारी महोत्सव, शाम को श्री आदिनाथ एवं गुरुदेव वंदना कार्यक्रम
- 23 अप्रैल को दीक्षा कल्याणक वरघोडा, महावीर जिनालय विकास नगर की वार्षिक ध्वजा
- 24 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव (मुख्य आयोजन)
- 25 अप्रैल को द्वार उद्घाटन के साथ महोत्सव का समापन होगा

अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवें एवं जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि करें।

## 38 डिग्री गर्मी में परिजनों ने बीमार महिला को छोड़ा, पांच महीने से छत पर रह रही, रेस्क्यू टीम ने बचाया

**नीमच।** शहर में एक मानसिक रूप से बीमार महिला को उसके परिजनों ने भीषण गर्मी में खुली छत पर छोड़ दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग और नीमच सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार शाम कार्रवाई करते हुए महिला को रेस्क्यू कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना इंदिरा नगर भगवानपुरा चौराहे पर हुई। लगभग 40 वर्षीय महिला 38 डिग्री सेल्सियस की तेज धूप में सिर्फ एक चादर के सहारे छत पर लावारिस हालत में मिली। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार, महिला की पहचान सीमा पति अजीत सोनी के रूप में हुई है। वह लंबे समय से मानसिक अवसाद से पीड़ित है। विभाग को इस मामले की सूचना एक गुमनाम फोन कॉल और वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से मिली थी। सूचना मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपिका नामदेव, नीमच सिटी थाना प्रभारी पुष्पा सिंह और एडवोकेट मीनू लालवानी की टीम शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पर पहुंची। परिजनों ने



पुलिस को बताया कि सीमा पिछले 10 वर्षों से मानसिक रूप से बीमार है। हालांकि, स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला को लगभग चार-पांच महीनों से इसी तरह छत पर खुले में छोड़ा जा रहा था। रेस्क्यू के समय घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

**पुनर्वास को लेकर कानूनी सलाह लेंगे:** परियोजना अधिकारी दीपिका नामदेव ने बताया कि महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। विभाग अब उन परिस्थितियों की जांच कर रहा है जिनके तहत महिला के साथ यह व्यवहार किया गया। उपचार पूरा होने के बाद महिला के पुनर्वास और उसकी आगे की देखभाल के संबंध में उचित कानूनी निर्णय लिया जाएगा।

**एक नजर** — सब्जी मार्केट में दिया पर्यावरण बचाने का संदेश, 300 कपड़े की थैलियों का वितरण

# महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी की पहल, नीमच में चला मेरी थैली-मेरी सहेली अभियान

**नीमच।** बढ़ते प्रदूषण एवं पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी द्वारा 'मेरी थैली-मेरी सहेली' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को सब्जी मार्केट के मुख्य द्वार पर 300 कपड़े की थैलियों का नि:शुल्क वितरण कर आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यह आयोजन संस्था की अध्यक्ष रज़िया अहमद के सौजन्य से उनके ससुर की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ।इस दौरान सब्जी खरीदने पहुंचे लोगों को कपड़े की थैलियां वितरित कर प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने आमजन से अपील की कि वे बाजार आते समय अपनी थैली साथ लाने की आदत डालें और पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करें। इस अवसर पर पूर्व गवर्निंग काउंसिल सदस्य सूरजमल अग्रवाल, मनोहरलाल बंम, महावीर प्रवाह के संपादक के.के. जैन, महिला सशक्तिकरण की डिप्टी डायरेक्टर आशा सांभर, महावीर इंटरनेशनल केंद्र अध्यक्ष प्रदीप धाकड़, कोषाध्यक्ष प्रियंका पितलिया, माया वीरवाल, हरीश उपाध्याय सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेष अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी क्लब की महिला प्रमुख विधा त्रिवेदी एवं कोषाध्यक्ष अलका गोयल रहीं। अंत में प्रियंका पितलिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

